बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-229
09/05/2025

मुख्यमंत्री ने महान शूरवीर महाराणा प्रताप को किया नमन

पटना, 09 मई 2025 :– महान शूरवीर महाराणा प्रताप जी के जन्म दिवस के अवसर पर राजकीय जयंती समारोह का आयोजन फ्रेजर रोड स्थित महान शूरवीर महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थल परिसर में किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने महान शूरवीर महाराणा प्रताप जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष श्री नन्द किशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, विधान पार्षद श्री संजय सिंह, पूर्व विधायक श्री अशोक सिंह, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार, जदयू नेता श्री ओमप्रकाश सेतु सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी महान शूरवीर महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा आरती पूजन, भजन–कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीतों का गायन किया गया।

****